संवाद

अंक 13 : जनवरी से मार्च 2026
त्रमासिक पत्र

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल, राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

## योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल का 12 वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न



योजना एवं वास्तुकला विद्यालय का 12 वां दीक्षांत समारोह दिनांक 10 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर इंस्टीटयूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया के अध्यक्ष और राजस्थान सरकार के पूर्व अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक प्रदीप कपूर मुख्य अतिथि थे। शासी मण्डल के अध्यक्ष प्रो. एचजी चारण ने दीक्षांत समारोह का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि आज स्नातक हो रहे सभी छात्रों को अपने आप को प्रमाणित करने का समय है जहां पेशेवर उत्कृष्टता के साथ पारिवारिक जिम्मेदारी एवं सामाजिक भागीदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन भी करना है। उन्होंने कर्तव्य के महत्व पर जोर दिया और सभी छात्रों को नैतिकता और मूल्यों पर आधारित आत्म विकास के साथ–साथ समाज कल्याण के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

एसपीए के निदेशक प्रो. कैलाश राव एम ने बताया कि हमारे छात्रों ने प्रतिष्ठित संगठनों द्वारा आयोजित कई राष्ट्रीय ओर अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों, प्रतियोगिताओं, सम्मेलनों और अधिवेशनों में भाग लेकर संस्थान का नाम रोशन किया है। मुख्य अतिथि ने अपने पेशे के अनुभवों को साझा किया आर छात्रों को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के मार्ग में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह युग व्यवसाय और भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है, विशेषकर इस दृभिट से कि निर्मित वातावरण को किस प्रकार आकार दिया जाए तथा विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए स्थिरता की दिशा में कैसे आगे बढ़ा जाये।

इस शुभ अवसर पर 237 स्नातकों (130 स्नातक, 103 स्नातकोत्तर, 4 पीएचडी) को उपाधियां (डिग्री) और पदक मुख्य अतिथि और अध्यक्ष, सीनेट (एसपीए भोपाल) द्वारा प्रदान किए गए, जिनमें वास्तुकला में स्नातक, योजना में स्नातक, वास्तुकला में स्नातकोत्तर (संरक्षण), वास्तुकला में स्नातकोत्तर (भूपरिदृश्य), वास्तुकला में स्नातकोत्तर



(नगर अभिकल्पना), अभिकल्प में परास्नातक, योजना परास्नातक (पर्यावरण योजना), योजना परास्नातक (परिवहन योजना एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधन) योजना परास्नातक (नगर एवं क्षेत्रीय योजना) एवं विद्या वाचस्पाति (पीएचडी) शामिल थे। उपाधियों के अतिरिक्त दो उत्कृष्टता पदक, आठ प्रवीणता स्वर्ण पदक, नौ सर्वश्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार एवं तीन थीसिस के लिए प्रशंसा के प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये।





## गणतंत्र दिवस का अयोजन

संस्थान परिसर में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रो. कैलाश राव एम, निदेशक महोदय ने ध्वजा रोहण किया व संस्थान के सुरक्षा बल ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। संस्थान के सभी छात्रों ने भी पीटी परेड में हिस्सा लिया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। तथा छात्रों एवं संस्थान में निवासरत कर्मचारीगण के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। जिनमें गीत, भाषण, नृत्य, आदि शामिल थे।





## सिनर्जी 2026

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल में तीन दिवसीय युवा महोत्सव सिनर्जी 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। संस्थान का वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव सिनर्जी ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें अपने छिपे हुए कौशल को व्यक्त करने तथा रचनात्मक सीख के नए क्षेत्रों से जुड़ने का मंच प्रदान किया। तीन दिवसीय युवा महोत्सव छात्र विकास, कला एवं संस्कृति और गतिविधियों का एक समन्वित आयोजन रहा। 13 मार्च 2026 को कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसके पश्चात परिसर के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गईं। सिनर्जी 2026 के प्रथम दिवस पर साहित्य, वाद–विवाद, नाट्य, नृत्य एवं तकनीकी गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रमुख कार्यक्रमों में क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता, उद्यमिता एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता, सायनोटाइप वर्कशॉप, डांस प्रतियोगिता, तथा 3 डी प्रिंटिंग वर्कशॉप शामिल रहे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक एवं तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस पर नाट्य, फैशन, कला एवं मनोरंजन से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रमुख आकर्षणों में नाट्य मंचन, फैशन क्लब द्वारा आयोजित गतिविधियाँ, ट्रेजर हंट, बैटल ऑफ बैंड्स, लाइव स्केचिंग, नासा इंडिया शीट्स प्रदर्शनी तथा हास्य कलाकार विदित शर्मा की विशेष प्रस्तुति शामिल रही। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।तृतीय दिवस पर कला, डिजाइन, साहित्य, सिनेमा एवं संगीत से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दिन पॉप स्कल्प्टिंग वर्कशॉप, डिजाइन टॉक एवं ओपन प्रश्नोत्तर सत्र, शॉर्ट फिल्म स्क्रीनिंग, सिंग–ऑफ प्रतियोगिता आयोजित हुए। समापन अवसर पर आरोह बेंड द्वारा विशेष संगीत प्रस्तुति दी गई, जिसने उत्सव को यादगार बनाया।











## फूड क्लब

द फूड क्लब ने 26 जनवरी 2026 को भारत की खान–पान की विविधता का जश्न मनाने के लिए एक कार्टोग्राफी इवेंट आयोजित किया। छात्रों ने भारत के नक्शे पर क्षेत्रीय व्यंजनों को रखकर उनकी पहचान की। इस कार्यक्रम में लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम ने सांस्कृतिक जागरूकता और भारत की समृद्ध खान–पान की विरासत के प्रति सराहना को बढ़ावा दिया।





## पिनाके फैशन क्लब

पिनाके ने 22 जनवरी 2026 को "अपना टोट बैग खुद पेंट करें" वर्कशॉप आयोजित की। इस वर्कशॉप ने छात्रों को अपने हाथ से पेंट किए गए खास टोट बैग के जरिए अपनी क्रिएटिविटी दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पहल ने दोबारा इस्तेमाल होने वाले बैग के इस्तेमाल से सस्टेनेबिलिटी को भी बढ़ावा दिया।

## उत्सव

उत्तरायणम '26 को 21 फरवरी 2026 को बड़े उत्साह और समुदाय की भागीदारी के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूरे दिन पारंपरिक कला, खान–पान, खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इसने भारत के फसल उत्सव की परंपराओं का जश्न मनाते हुए आपसी मेल–जोल को बढ़ावा दिया।



## एसपीए भोपाल में क्राइम प्रेवेशन थ्रू एनवायरमेंटल डिजाइन (सीपीटीईडी) सम्मेलन का आयोजन

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल में क्राइम प्रिवेशन थ्रू एनवायरमेंल डिजाइन सम्मेलन का आयोजन 16 जनवरी 2026 को हाईब्रिड मोड पर आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय सम्मेलन में 13 राज्यों के 22 शहरों से 33 संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया। जिनमें मुख्यतः आईआईटी खड़गपुर, एआईईएसटी शिवपुर, एनआईटी रायपुर, एनआईटी पटना, एनआईटी कालीकट, एसपीए दिल्ली, और एसपीए विजयवाड़ा शामिल हुए। सम्मेलन में व्याख्याता के रूप में देबासिस सान्याल जी को आमंत्रित किया गया था एवं मुख्य अतिथि के रूप में श्री शुभाशीष बनर्जी को आमंत्रित किया गया था। उक्त आयोजन में भवनों में, पड़ोंस में एवं शहरों में हो रहे अपराध के रोकथाम की रणनीति पर चर्चा की गई।

## महिला डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट

एसपीए भोपाल में महिला डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 16–18 फरवरी 2026 तक चला, जिसमें 22 टीमों ने हिस्सा लिया। इस कॉम्पिटिशन ने स्टूडेंट्स में टीमवर्क, फिटनेस और स्पोर्ट्समैनशिप को बढ़ावा दिया।शरध्याति और माही एक रोमांचक फाइनल मैच के बाद विनर बनीं।





## फुटबॉल क्लब – आईआईएसईआर के साथ मैच

फुटबॉल क्लब ने 5 अप्रैल 2026 को एसपीए भोपाल और आईआईएसईआर के बीच लड़कियों का एक फुटबॉल मैच आयोजित किया।

इस मैच में दोनों टीमों की टीमवर्क, खेल भावना और उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। एसपीए भोपान ने 1–0 से जीत हासिल की, और विजयी गोल विधि ने किया।





**जल संरक्षण क्लब** – युवा अभिव्यक्ति 2026–07–03 जल संरक्षण क्लब ने मिशन लाइफ के तहत 9–10 अप्रैल 2026 कोयुवा अभिव्यक्ति 2026 का आयोजन किया। संस्थान–स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता का मुख्य विषय जल संरक्षण में युवाओं की भागीदारी था।

